नईदुनिया
MENU
राज्य चुनें | जीतेगा भारत
EPAPER NEWS IN HINDI ऐप LIKE US ON





# बिना इलाज अस्पताल से लौटाया, रास्ते में मौत

Publish Date: | Sat, 11 Apr 2020 06:16 AM (IST)

*- बड़ौदा अस्पताल से बिना इलाज लौटाया, श्योपुर लाते रास्ते में हुई मौत। बड़ौदा। नईदुनिया न्यूज कोरोना वायरस से कई डॉक्टर तो ऐसे डरे हुए हैं कि मरीजों को हाथ तक नहीं लगा रहे। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को बड़ौदा में सामने आया जहां, एक बीमार महिला को हाथ लगाए बिना उसे सही बताते हुए डॉक्टर ने अस्पताल से लौटा दिया। बड़ौदा अस्पता*

- बड़ौदा अस्पताल से बिना इलाज लौटाया, श्योपुर लाते रास्ते में हुई मौत।

बड़ौदा। नईदुनिया न्यूज

कोरोना वायरस से कई डॉक्टर तो ऐसे डरे हुए हैं कि मरीजों को हाथ तक नहीं लगा रहे। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को बड़ौदा में सामने आया जहां, एक बीमार महिला को हाथ लगाए बिना उसे सही बताते हुए डॉक्टर ने अस्पताल से लौटा दिया। बड़ौदा अस्पताल से लौटाकर जब उसी महिला को श्योपुर ले जाया गया, जहां रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

अचानक उन्हें घबराहट होने लगी। परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे यहां डॉक्टर आरके शाक्य मौजूद थे। मनोरमा के पति मोहन सिंह का कहना है कि डॉ. शाक्य ने उनकी बीमार पत्नी की नब्ज तक नहीं देखी। दूर से ही देखकर कुछ दवा लिखीं और कंपाउंडर से एक इंजेक्शन लिखकर अस्पताल छोड़कर अपने आवास पर चले गए। बकौल मोहन सिंह उन्होंने डॉ. शाक्य से यह भी पूछा कि, जरूरत हो तो कहीं दूसरी जगह रेफर कराकर ले जाएं, लेकिन डॉक्टर ने ऐसी गंभीर हालत नहीं बताई। इसके बाद वह अपनी पत्नी को घर ले आए, लेकिन इंजेक्शन व दवाओं से राहत नहीं मिली। तबियत ज्यादा बिगड़ी तो वह पत्नी को लेकर जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मनोरमा सत्तावर ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद बड़ौदा कस्बे में अस्पताल की सेवाओं को लेकर रोष बढ़ने लगा है क्योंकि, इससे पहले भी लापरवाही भरी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

यह भी पढ़ें

**Sheopur News : अव्यवस्था देखकर बच्चों को लेकर अस्पताल से भागी कुपोषितों की माताएं**

वर्जन

- मरीज को जिस तरह की बीमारी थी मैंने उस तरह का इलाज कर दिया। हमने इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती है।

डॉ. आरके शाक्य

बड़ौदा अस्पताल

Posted By: **Nai Dunia News Network**

**नईदुनिया ई-पेपर पढ़ने के लिए यहाँ क्लिक करे**

**डाउनलोड करें नईदुनिया ऐप | पाएं मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और देश-दुनिया की सभी खबरों के साथ नईदुनिया ई-पेपर,राशिफल और कई फायदेमंद सर्विसेस**

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

## बड़ी खबरें

Lockdown 5.0 : लॉकडाउन के पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश के इन 8 शहरों में बढ़ाई जा सकती है सख्ती

Lockdown 5.0 : लॉकडाउन के पांचवे चरण में उत्तर

Bejan Daruwalla ने की थीं PM Modi, World Cup, Big Boss को लेकर ये सटीक भविष्यवाणियां

Bejan Daruwalla ने की थीं PM Modi,

सीधे जनता ही चुनेगी महापौर-अध्यक्ष, शिवराज सरकार बदलेगी कमल नाथ का फैसला

सीधे जनता ही चुनेगी महापौर-अध्यक्ष, शिवराज

जोगीसार में जन्मे और छत्तीसगढ़ की राजनीति में छा गए अजीत जोगी

जोगीसार में जन्मे और छत्तीसगढ़ की

कोरोना का देश की अर्थव्यवस्था पर असर, GDP 11 साल के निचले स्तर पर, आगे ये होंगे हालात

कोरोना का देश की अर्थव्यवस्था पर असर, GDP 11 साल

Amazon Prime Video पर जून में Gulabo Sitabo के अलावा भी है बहुत कुछ, जानिए पूरी लिस्ट

Amazon Prime Video पर जून में Gulabo

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

## जरूर पढ़ें

CHHATTISGARH
डेंगू अलर्ट, संतोषी पारा क्षेत्र में घर-घर किया जा रहा सर्वे

CHHATTISGARH
Coronavirus Chhattisgarh News : छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से पहली मौत, 17 संक्रमित ठीक हुए

Coronavirus Chhattisgarh News : छत्तीसगढ़

CHHATTISGARH
खेदामारा के भार प्रेषण केंद्र में लगी भीषण आग, काबू पाने में लगे तीन घंटे

CHHATTISGARH
पोस्ट मैट्रिक छात्रावास स्वीकृत कराने कलेक्टर को ज्ञापन

CHHATTISGARH
इधर निगम तलाशता रहा अवैध कब्जा, उधर सुबह ही हो गई ढलाई

CHHATTISGARH
शिकायत के बाद भी राशन दुकानदार पर नहीं हुई कार्रवाई

JAGRAN.COM MID-DAY HEALTH EDUCATION INEXTLIVE
HER ZINDAGI RADIO CITY BLOGS
ऐप

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK